अग्रवाल कॉलेज में भारतीय संस्कृति के ज्ञान हेतु कार्यशाला

30-04-2024 **को अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में इंडियन नॉलेज सिस्टम सेंटर (भारतीय ज्ञान परम्परा केंद्र) के तत्वावधान में "भारतीय ज्ञान परंपरा: विकास एवं योगदान" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में रिटायर्ड एसोसिएट प्रोफेसर डॉ० टी.डी दिनकर उपस्थित रहे । अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल महाविद्यालय अध्यक्ष श्री देवेंद्र गुप्ता, अग्रवाल महाविद्यालय महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश कुमार गुप्ता एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० संजीव गुप्ता के संरक्षण में महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं । इसी श्रृंखला में यह कार्यशाला आयोजित की गई थी । मुख्य वक्ता डॉ० टी.डी दिनकर ने कहा कि भारतीय संस्कृति का इतिहास सर्वाधिक प्राचीन है । विदेशी वैज्ञानिक भी वेदों की वैज्ञानिकता को स्वीकारते हैं और इसके लिए हमें गर्व का अनुभव करना चाहिए । विदेशों में जर्मनी जैसे देश की खोज का आधार हमारी संस्कृत भाषा है । पुराणों में सही जीवन जीने के मार्ग बताए गए हैं । डॉ० दिनकर ने वेदों, पुराणों उपनिषदों तथा अन्य ग्रन्थों पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए विशेष रूप से छात्राओं से आग्रह किया कि वह अपनी भारतीय संस्कृति के रीति रिवाज को गंभीरता से लें और उन्हें सीखें जिससे कि हमारी संस्कृति आगामी पीढ़ी के लिए भी संरक्षित रह सके । साथ ही लौकिक लोक गीतों को भी अपनी डायरी के माध्यम से संरक्षित रखें ।**

इंडियन नॉलेज सिस्टम केंद्र की संयोजिका डॉ० पूजा सैनी, सहसंयोजिका डॉ० सुप्रिया ढांडा एवं कमेटी के अन्य सदस्यों प्रिया अरोड़ा, डॉ० देवेंद्र, डॉ० प्रियंका सेहरावत तथा डॉ० रेनू माहेश्वरी के प्रयासों से यह कार्यशाला सफल एवं सार्थक रही ।

WORKSHOPONINDIANKNOWLEDGE
TRADITION:DEVELOPMENTAND
CONTRIBUTION2024